भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 674

06 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

हरित इस्पात हेतु वर्गीकरण मानक

674. श्री लल्लू सिंह:
डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी:
श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा:
डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार तीव्र आर्थिक विस्तार और सतत विकास के प्रति अपनी वचनबद्धता के बीच हरित इस्पात (ग्रीन स्टील) के लिए वर्गीकरण-मानक (टैक्सोनॉमी) शुरू करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश पर्यावरण-अनुकूल इस्पात उत्पादन के लिए किन्हीं वैश्विक मानकों और मानदंडों का पालन कर रहा है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (ग): हरित इस्पात के लिए वर्गीकरण मानक (टैक्सोनॉमी) का विकास एक वैश्विक सरोकार का विषय है और भारत भी इस सरोकार में भागीदार है। इस उद्देश्य के लिए, इस्पात मंत्रालय ने इस विषय पर चर्चा, चिंतन तथा इस संबंध में सिफारिशें देने के लिए उद्योग, अकादमिकों, विशेषज्ञ समूह, एसएंडटी निकायों, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और अन्य हितधारकों की भागीदारी के साथ हरित इस्पात के वर्गीकरण के विकास के लिए एक कार्यबल का गठन किया है।

*****